डॉ के.के. जोशी, निदेशक पशुपालन विभाग द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर देहरादून में अस्थायी रूप से संचालित किए जा रहे सदर पशुचिकित्सालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। सदर पशुचिकित्सालय देहरादून का भवन वर्तमान में निर्माणाधीन है, निर्माण कार्य पूरा होने पर पशुचिकित्सालय नए पशुचिकित्सालय भवन में संचालित किया जाएगा। इस मौके पर डॉ एस.बी. पाण्डे, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, देहरादून, डॉ नीरज सिंघल, संयुक्त निदेशक सामान्य प्रशासन, निदेशालय, डॉ आशुतोष जोशी, संयुक्त निदेशक उत्तराखण्ड पशुकल्याण बोर्ड, डॉ कैलाश उनियाल, पशुचिकित्सा अधिकारी, सदर देहरादून उपस्थित थे।

डॉ के.के. जोशी, निदेशक पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर देहरादून में निर्माणाधीन सदर पशुचिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निदेशक महोदय द्वारा निर्माण कार्य को त्वरित गति से करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर डॉ एस. बी. पाण्डे, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, देहरादून, डॉ नीरज सिंघल, संयुक्त निदेशक सामान्य प्रशासन, निदेशालय, डॉ आशुतोष जोशी, संयुक्त निदेशक उत्तराखण्ड पशुकल्याण बोर्ड, डॉ कैलाश उनियाल, पशुचिकित्सा अधिकारी, सदर देहरादून उपस्थित थे।